Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request to government to strictly implement the Ujjwala Yojana in Chattisgarh for the benefit of poor.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): सभापति महोदय, देश में नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद, उज्ज्वला योजना के नाम से सरकार ने एक क्रांतिकारी योजना बनाई । उज्ज्वला योजना के लागू होने के कारण एक तरफ जहां वृक्षों और वनों की कटाई पर रोक लगी, वहीं दूसरी ओर माताओं और बहनों के स्वास्थ्य पर उसका अच्छा असर पड़ा और उनका समय भी बचा । उस योजना में छत्तीसगढ़ की तत्कालीन भाजपा सरकार के द्वारा 1400 सौ रुपये का अनुदान प्रत्येक हितग्राही को दिया जाता था । अब नई सरकार ने वह अनुदान बंद कर दिया है । इसके कारण पैट्रोलियम कंपनियां उस योजना को लागू करने व अमल में लाने में हीलाहवाला कर रही हैं । इसलिए उस योजना का लाभ संबंधित लोगों को नहीं प्राप्त हो रहा है । मैं भारत सरकार से निवेदन करता हूँ कि उज्ज्वला योजना जैसी क्रांतिकारी योजना को कड़ाई से छत्तीसगढ़ में लागू किया जाए, ताकि छत्तीसगढ़ के गरीब लोगों को इसका लाभ मिले ।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Arun Sao.